पत्रांकः-भ0/स्था0-04-विविध-34/2023......3892 (भ)

बिहार सरकार
भवन निर्माण विभाग

प्रेषक,

अवधेश नन्दन सिन्हा,
सरकार के संयुक्त सचिव,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी अधीक्षण अभियंता,
भवन निर्माण विभाग, बिहार।

पटना, दिनांक- 28/4/26

विषयः- राज्य के प्रशासनिक हित में राज्याधीन सेवाओं की प्रोन्नति के पद सोपान में तदर्थ एवं पूर्णतः अस्थायी व्यवस्था के अंतर्गत राज्य कर्मियों को प्रोन्नति के पदानुक्रम में विहित वेतनमान के साथ उच्चतर पद का प्रभार देने की प्रक्रिया के संबंध में।

प्रसंगः- सामान्य प्रशासन विभाग, पटना के अधिसूचना सं0-19300, दिनांक-13.10.2023.

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में कहना है कि राज्य के प्रशासनिक हित में राज्याधीन सेवाओं की प्रोन्नति के पद सोपान में तदर्थ एवं पूर्णतः अस्थायी व्यवस्था के अंतर्गत राज्य कर्मियों को प्रोन्नति के पदानुक्रम में विहित वेतनमान के साथ उच्चतर पद का प्रभार देने की प्रक्रिया में प्रधान लिपिक से सहायक प्रशासी पदाधिकारी के पद का प्रभार देने के संबंध में निम्नलिखित सूचनाओं की आवश्यकता हैः-

(i). आपके अंचलाधीन कार्यरत वैसे प्रधान लिपिक जिन्हें सहायक प्रशासी पदाधिकारी के उच्चत्तर पद का प्रभार देना है, से संबंधित विवरणी।

(ii). सुपात्र प्रधान लिपिकों की विगत पाँच(05) साल की चारित्री, सेवापुस्त की अभिप्रमाणित छायाप्रति, सेवा-इतिहास, वर्त्तमान वेतनमान, अबतक की सेवा में किसी भी प्रकार के विभागीय कार्रवाई/आरोप/दण्ड के संबंध में अद्यतन निगरानी स्वच्छता संबंधी प्रमाण-पत्र।

अतः वर्णित स्थिति में अनुरोध है कि आपके नियंत्रणाधीन कार्यालयों में पदस्थापित पात्र प्रधान लिपिकों से संबंधित उपर्युक्त विन्दुओं पर वांछित अभिलेख सहित प्रतिवेदन अनुशंसा के साथ अधोहस्ताक्षरी को अविलंब उपलब्ध कराने की कृपा की जाए।

कृपया इसे अत्यावश्यक समझा जाय।

विश्वासभाजन,

28.04.26

(अवधेश नन्दन सिन्हा)
सरकार के संयुक्त सचिव।